सीआईएमपी पटना • दीक्षांत समारोह में 2018-20 और 2019-21 के छात्र शामिल

# पीजीडीएम के दो बैच के 216 छात्र को डिग्री देकर किया गया सम्मानित

सिटी रिपोर्टर . पटना

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना का 11वां दीक्षांत समारोह शनिवार को संस्थान के ऑडिटोरियम में पूरी कोरोना गाइडलाइन के साथ आयोजित किया गया। इसमें पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट के 2018-20 के 11वीं बैच और 2019-21 के 12वीं बैच के 216 छात्रों को डिग्री देकर सम्मानित किया गया। साथ ही एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम इन मैनेजमेंट कार्यक्रम के तीसरे बैच के राज्य सरकार के 18 अधिकारियों ने भी अपनी डिग्री और प्रमाणपत्र को प्राप्त किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. विजया बंद्योपाध्याय और सीआईएमपी के पीजीपी कॉर्डिनेटर प्रो. राजीव तिवारी द्वारा किया गया। उनके द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट्स छात्रों की उपलब्धि और उनके नामों की घोषणा की गई।



चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना का 11वें दीक्षांत समारोह में डिग्री के साथ सम्मानित छात्र-छात्राएं।

## गोल्ड मेडलिस्ट छात्र

- पीजीडीएम 2018-20 बैच टॉपर कुमारी अंकिता सिंह
- पीजीडीएम 2019-21 बैच टॉपर मृत्युंजय गरैन, शिवधात्री

## गोल्ड मेडलिस्ट बनने वाले छात्रों को दी गई बधाई

सीआईएमपी के डायरेक्टर डॉ. वी. मुकुंद दास ने सबसे पहले समारोह के मुख्य अतिथि एल्केम लेबोरेटरीज के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन बासुदेव एन सिंह का स्वागत किया और अपने संबोधन में सभी छात्र-छात्राओं और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देकर गोल्ड मेडलिस्ट बनने वाले छात्रों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी। तब इस संस्थान ने खुद को रिइंभेन्ट कर डिजिटल टेक्नोलॉजी की मदद से अपने सभी कामों को जारी रखा और साथ ही कई एकेडमिक उपलब्धियों को भी पाया। इसकी वजह से हमारे संस्थान और पूरे सीआइएमपी परिवार की उपलब्धियों को विश्वस्तर पर पहचान मिली। अल्केम लेबोरेटरीज के बासुदेव एन सिंह - ईमानदारी और भरोसा ऐसे दो स्तंभ हैं जिन पर कोई भी आर्गेनाइजेशन खड़ा और विकसित हो अपनी कामयाबी तक पहुंच सकता है।

Dainik Bhaskar ! Page.No-11 ! Dated:29-08-2021

# समाज ने आपको बहुत दिया, वापस देने की भी सोचें

**जागरण संवाददाता, पटना :** आपको समाज ने बहुत कुछ दिया है। मुकाम पर पहुंचने के बाद अब उसे लौटाने की सोचें। ये बातें अल्केम लेबोरेटरीज लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष बासुदेव एन सिंह ने कहीं। वह चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) के 11वें दीक्षा समारोह को वर्चुअल रूप से संबोधित कर रहे थे। मीठापुर स्थित सीआइएमपी के सभागार में दीक्षा समारोह आयोजित हुआ। उन्होंने छात्रों के साथ अपनी सफलता का मंत्र साझा किया।

इससे पूर्व संस्थान के बीओजी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संदेश सुनाया गया। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने सभी को बधाई दी। संस्थान के निदेशक डा. वी मुकुंद



छात्रा को मेडल प्रदान करते अतिथि

दास ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान संस्थान की प्रगति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत प्रो. विजया बंद्योपाध्याय ने, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सुदीप रोहित ने किया। राज्य के 18 अधिकारियों को भी मिली डिग्री



चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट के 11वें दीक्षा समारोह में छात्राएं • जागरण

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) के 11वें और 12वें बैच के 216 छात्र और एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (ईएक्सपीएम) कार्यक्रम के तीसरे बैच के राज्य सरकार के 18 अधिकारियों को डिग्री दी गई। वर्ष 2018-20 में मृत्युंजय गरैन और वर्ष 2019-21 पीजीडीएम के लिए शिवधात्री को स्वर्ण पदक दिया गया। कुमारी अंकिता सिंह ने पीजीडीएम 2018-20 बैच की टॉपर रहीं।



यह मेरे लिए जीवन का स्वर्णिम क्षण है। समय प्रबंधन व कार्य के प्रति निश्चय कर सफलता अर्जित की जा सकती है। मेरी सफलता में माता-पिता व नाना-नानी का अहम योगदान है। - **शिवाधात्री।**



सीआइएमपी ने शिक्षा सेक्टर में काफी मजबूत स्थान बनाया है। बिहार में अपार संभावनाएं है। दूसरे राज्यों की बिहार के प्रति अब मानसिकता बदल रही है। दूसरे राज्य से विद्यार्थी भी यहां आ रहे है।- **मृत्युंजय गराई।**

Dainik Jagran ! Page.NO-04 ! Dated:29-08-2021

# With flying colours



**Students celebrate during convocation day function at Chandragupt Institute of Management Patna on Saturday.**

SANTOSH KUMAR/HT PHOTO

Hindustan Times ! Page.No-03 ! Dated:29-08-2021

# 216 students awarded degrees at CIMP convocation

B K Mishra

**Patna:** As many as 216 students of the 2018-2020 and 2019-2021 batches received their degrees at the 11th convocation of Chandragupt Institute of Management Patna (CIMP) on Saturday. Two of them were awarded gold medals for securing top positions.

Besides, 18 officers of the state government, who were students of the third batch of the Executive Programme in Management, also got certificates on the occasion.

Chief minister Nitish Kumar, who is the chairman of the CIMP board of governors, conveyed a virtual message to the students. He congratulated them for their brilliant performance and wished them luck.

> **You should try to give back to the society as much as you can because it enables you to earn and lead a comfortable life**
>
> **B N SINGH**
> Executive chairman of Alkem Laboratories

Delivering the convocation address via videoconferencing, B N Singh, the executive chairman of Alkem Laboratories, advised the students to perform their duties with utmost sincerity in order to become successful managers. He also asked them to become agents of social change and role models for others.

"You should try to give back to the society as much as you can because it enables you to earn and lead a comfortable life," Singh said.

CIMP's director, V Mukunda Das, highlighted the progress made by the institute during the last few years. "We continued to impart quality education to our students on digital platforms even during the Covid-19 pandemic," he said.

Pramod Sharma



CIMP students with their degrees in Patna on Saturday

Times of Inida ! Page.NO-02 ! Dated:29-08-2021

# डिग्री लेने के बाद समाज को मदद पहुंचाएं : बासुदेव



चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना ( सीआइएमपी ) के 11वें दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने के बाद खुशी जाहिर करतीं छात्राएं.

**सीआइएमपी दीक्षांत समारोह**

**संवाददाता, पटना**

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) का 11वां दीक्षांत समारोह शनिवार को संस्थान के भव्य सभागार में आयोजित किया गया. इसमें पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) के 11वीं और 12वीं बैच के 216 स्टूडेंट्स और एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (इएक्सपीएम) कार्यक्रम के तीसरे बैच के राज्य सरकार के 18 अधिकारियों ने अपनी डिग्री प्राप्त की. मृत्युंजय गरैन और शिवधात्री ने क्रमशः पीजीडीएम 2018-20 और पीजीडीएम 2019-21 बैच के टॉपर का स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि कुमारी अंकिता सिंह ने पीजीडीएम 2018-20 बैच की लड़कियों में टॉपर होने का पदक प्राप्त किया. संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डिग्री प्राप्त करने वाले सभी स्टूडेंट्स को बधाई संदेश दिया.

उन्होंने अपने संदेश में खुशी व्यक्त की और सभी स्टूडेंट्स और उनके माता-पिता और सीआइएमपी परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी. अल्केम लेबोरेटरीज लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष बासुदेव एन सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अल्केम हाउस मुंबई से दीक्षांत समारोह को संबोधित किया. उन्होंने भाषण में स्टूडेंट्स को अपनी सफलता का मंत्र साझा किया और रेखांकित किया कि ईमानदारी और विश्वसनीयता ऐसे दो स्तंभ हैं, जिन पर कोई भी संगठन खड़ा और विकसित हो सकता है.

**आप समाज को क्या दे रहे हैं यह देखना होगा :** अल्केम के अध्यक्ष ने अल्केम को महज पांच लाख रुपये की कंपनी से 10 हजार करोड़ रुपये की फार्मा कंपनी बनाने में अपनी चार दशकों की लंबी यात्रा के बारे में जानकारी दी. उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि आप समाज को बदलें. आप समाज को क्या दे रहे हैं यह भी देखना होगा. प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समाज को मदद पहुंचाएं.

**सीआइएमपी से पास होकर बिहार के विकास में दें योगदान : वी मुकुंद दास**

सीआइएमपी के निदेशक डॉ वी मुकुंद दास ने अपने संबोधन में पिछले कुछ वर्षों के दौरान संस्थान की प्रगति पर प्रकाश डाला. उन्होंने सफल स्टूडेंट्स को राज्य में भी योगदान देने का आह्वान किया, क्योंकि यही सीआइएमपी जैसी संस्था के विकास का उद्देश्य था. कार्यक्रम में प्रो विजया बंद्योपाध्याय ने अतिथि का स्वागत किया जबकि प्रो सुदीप रोहित ने धन्यवाद ज्ञापन दिया.

# बिहार के विकास में योगदान दें छात्र

**पटना (एसएनबी)।** शनिवार को चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना (सीआईएमपी) के सभागार में आयोजित 11वां दीक्षांत समारोह में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) के 11वीं और 12वीं बैच के 216 छात्र और एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम इन मैनेजमेंट कार्यक्रम के तीसरे बैच के राज्य सरकार के 18 अधिकारियों ने अपनी डिग्री/प्रमाणपत्र प्राप्त किए। मृत्युंजय गरैन और शिवधात्री ने पीजीडीएम 2018-20 और पीजीडीएम 2019-21 बैच के टॉपर का स्वर्ण पदक प्राप्त किया जबकि कुमारी अंकिता सिंह ने पीजीडीएम 2018-20 बैच की लड़कियों में टॉपर होने का पदक प्राप्त किया।

सीआईएमपी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में खुशी व्यक्त की और सभी ग्रेजुएटिंग छात्र-छात्राओं और उनके माता-पिता और सीआईएमपी परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी। अल्केम लेबोरेटरीज लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष बासुदेव एन सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अल्केम हाउस मुंबई से छात्रों को अपनी सफलता का मंत्र साझा करते हुए कहा कि ईमानदारी और भरोसा ऐसे दो स्तंभ हैं जिन पर कोई भी संगठन खड़ा और विकसित हो सकता है। अल्केम के अध्यक्ष ने अल्केम को महज 5 लाख रुपये की कंपनी से 10,000 करोड़ की फार्मा कंपनी बनाने में अपनी चार दशकों की लंबी यात्रा की अंर्तष्टि भी साझा की। पासिंग आउट छात्रों को अपने समापन संदेश में श्री सिंह ने उन्हें न केवल परिवर्तन एजेंट बनने का आह्वान किया, बल्कि उस समाज को वापस देने का भी ज्ञान दिया जिसने उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उन तक पहुंचने में मदद की। सीआईएमपी के निदेशक डॉ. वी मुकुंद दास ने अपने संबोधन में पिछले कुछ वर्षों के दौरान संस्थान की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने उत्तीर्ण छात्रों को न केवल अपने पेशेवर कैरियर में हासिल करने के लिए, बल्कि बिहार के इस राज्य में भी योगदान देने का आह्वान किया। क्योंकि यही सीआईएमपी जैसी संस्था के विकास का उद्देश्य था। डॉ दास ने संतोष व्यक्त किया कि महामारी के समय में भी जब पूरी दुनिया स्थिर पड़ी थी, सब कुछ बंद पड़ा था, संस्थान ने खुद को रिईन्वेन्ट कर डिजिटल प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर न केवल काम करना जारी रखा और अकादमिक उपलब्धियों को सामने लाया, बल्कि हमारे काम को भी विश्व स्तर पर पहचान मिली। कार्यक्रम में प्रो. विजया बंद्योपाध्याय ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रो. सुदीप रोहित ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।



■ सीआईएमपी के दीक्षांत समारोह में सम्मानित किए गए टॉपर छात्र

# 'समाज ने आपको बहुत दिया है, इसे वापस देने की सोचें'

**सीआईएमपी के 11वें दीक्षा समारोह में अल्केम लेबोरेटरीज के कार्यकारी अध्यक्ष ने किया प्रेरित**




डिग्री पाते ही खिली मुस्कान.

patna@inext.co.in

**PATNA (28 Aug):** आपको समाज ने बहुत कुछ दिया है. मुकाम पर पहुंचने के बाद अब उसे लौटाने की सोचें. ये बातें अल्केम लेबोरेटरीज लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष बासुदेव एन सिंह ने कहीं. वह चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) के 11वें दीक्षा समारोह को वर्चुअल रूप से संबोधित कर रहे थे. मीठापुर स्थित सीआईएमपी के सभागार में दीक्षा समारोह आयोजित हुआ. उन्होंने स्टूडेंट्स के साथ अपनी सफलता का मंत्र साझा किया. इससे पूर्व संस्थान के बीओजी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संदेश सुनाया गया. अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने सभी को बधाई दी. संस्थान के निदेशक डॉ. वी मुकुंद दास ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान संस्थान की प्रगति पर प्रकाश डाला. आगत अतिथियों का स्वागत प्रो. विजया बंद्योपाध्याय ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सुदीप रोहित ने किया.

## 18 अधिकारियों को भी मिली डिग्री

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) के 11वें और 12वें बैच के 216 स्टूडेंट्स और एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (ईएक्सपीएम) कार्यक्रम के तीसरे बैच के राज्य सरकार के 18 अधिकारियों को डिग्री दी गई. वर्ष 2018-20 में मृत्युंजय गरैन और वर्ष 2019-21 पीजीडीएम के लिए शिवधात्री को स्वर्ण पदक दिया गया. कुमारी अंकिता सिंह पीजीडीएम 2018-20 बैच की टॉपर रही.

**पीजीडीएम के 11वीं एवं 12वीं बैच के 216 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री**

I-Next ! Page.No-06 ! Dated:29-08-2021